## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 06.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

1. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा देवघर पहुंचे, प्रदेश कोर कमिटी के नेताओं के साथ की बैठक, आज बाबा बैद्यनाथ धाम में करेंगे पूजा–अर्चना।
2. इडी के समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज एमपी–एमएलए कोर्ट में होंगे पेश, आगे की तारीखों में व्यक्तिगत उपस्थिति से मिलेगी छूट।
3. देश की विमानन कंपनी इंडिगो के आपरेशनल संकट का रांची में भी असर, 12 फ्लाइट रद्द, केन्द्र ने जांच के लिए चार सदस्यीय समिति का किया गठन, यात्रियों की सुविधा के लिए किये जा रहे हैं उपाय।
4. पलामू के लोहा कारोबारी को जीएसटी इंटेलिजेंस ने किया गिरफ्तार, 35 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का है आरोप।
5. मध्य प्रदेश में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचा झारखंड, आज पंजाब से होगी खिताबी भिड़ंत।

******************

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा दो दिवसीय दौरे पर कल रात 8 बजे देवघर पहुंचे। देवघर एयरपोर्ट पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी समेत कई नेताओं ने उनका स्वागत किया। देर रात श्री नड्डा ने प्रदेश भाजपा कोर कमिटी के नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी नेताओं को जमीन से जुड़कर कार्य करने का सुझाव दिया। उन्होंने कोर कमिटी के सदस्यों को महीने में 25 दिन जिलों में प्रवास करने का निर्देश दिया। भाजपा के वरीय नेता अनंत ओझा ने बताया कि आज वे देवघर में नव–निर्मित भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इससे पहले श्री नड्डा बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा–अर्चना भी करेंगे।

******************

राज्य में सत्ता समीकरण बदलने की अटकलों के बीच प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी बेला प्रसाद ने कहा है कि झामुमो और कांग्रेस गठबन्धन पूरी तरह से एकजुट है और हेमंत सोरेन सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। गिरिडीह परिसदन में मीडिया से बातचीत में बेला प्रसाद ने दावा किया कि आने वाले 20 वर्षों में भाजपा सत्ता में नहीं आने वाली है।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी समन अवहेलना मामले में आज रांची स्थित एमपी–एमएलए विशेष अदालत में पेश होंगे। झारखंड हाईकोर्ट ने उन्हें दोपहर 2 बजे अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि आगे की तिथियों पर मुख्यमंत्री को व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट रहेगी। हालांकि किसी विशेष परिस्थिति में कोर्ट चाहे तो शारीरिक रूप से या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उनकी उपस्थिति अनिवार्य हो सकती है।

******************

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनियों में से एक इंडिगो इन दिनों गंभीर ऑपरेशनल संकट से जूझ रही है। इस संकट के कारण पूरे देश में उड़ान सेवाएं प्रभावित हुई हैं। इसका असर रांची में भी पड़ा है। कल बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली 12 फ्लाइट रद्द कर दी गयी, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

******************

इस बीच केन्द्र सरकार ने इंडिगो की उड़ानों के परिचालन में बाधा उत्पन्न करने वाली परिस्थितियों की व्यापक समीक्षा के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति 15 दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि इंडिगो की उड़ानों में देरी और रद्दीकरण की स्थिति में सुधार हो रहा है। उन्होंने आज से उडानों के समय पर परिचालन की आशा व्यक्त की। श्री नायडु ने कहा कि सरकार का मुख्य ध्यान हवाई अड्डों पर लंबित उड़ानों की संख्या कम करने पर है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी हितधारकों के साथ बातचीत कर रही है।

******************

जीएसटी कर चोरी में मामले में जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने झारखंड के बड़े लोहा व्यवसायी प्रमोद कुमार अग्रवाल को पलामू से किया गिरफ्तार कर लिया। उनपर लगभग 35 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का आरोप है। गिरफ्तारी के बाद प्रमोद अग्रवाल को जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में मेडिकल जांच के उपरांत कोर्ट में पेश किया गया और न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। गौरतलब है कि सेंट्रल जीएसटी की टीम प्रमोद अग्रवाल के प्रतिष्ठान शुभ लक्ष्मी ट्रेडर्स में पिछले चार दिनों से छापेमारी कर रही थी।

******************

सरकार ने पिछले महीने 21 नवंबर को नई श्रम संहिताएं लागू की हैं। इन संहिताओं से भारत के श्रमिकों की आजीविका में स्थिरता आएगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि नए सुधार देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उधम क्षेत्र को लाभ प्रदान कर रहे हैं।

******************

गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र के केवटाटांड में खोरीमहुआ के एसडीएम अनिमेष रंजन और एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने दो अवैध माइका गोदामों में छापेमारी कर करीब एक करोड़ से अधिक की माईका और माईका मिलर मशीन को जब्त किया। एसडीएम अनिमेष रंजन ने बताया कि इस मामले में संबंधित माफियाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

******************

पाकुड़ जिले में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों की महिलाओं के स्वावलम्बन और सशक्तीकरण की दिशा में प्रशासन का प्रयास लगात जारी है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

रांची और आसपास के क्षेत्रों में आज और कल शीतलहर चलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार उत्तर से आने वाली बर्फीली हवा के कारण तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है।

******************

मध्य प्रदेश के उमरिया में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की अंडर–14 बालक टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया है। आज फाइनल में झारखंड का मुकाबला पंजाब से होगा। झारखंड की टीम पूरी ऊर्जा, आत्मविश्वास और जीत के जज्बे के साथ मैदान में उतरने को तैयार है।

******************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों विमानन कंपनी इंडिगो के ऑपरेशनल संकट की खबर को प्रमुखता दी है।

**दैनिक भास्कर की सुर्खी**– सरकार ने अनुपूरक बजट पर चलाई कैंची, विभागों ने मांगे 13 हजार 400 करोड़, सरकार ने मात्र चार हजार रुपये ही किया मंजूर।

**हिन्दुस्तान ने** शराब घोटाला मामले में आइएएस अधिकारी अमित कुमार से एसीबी की पूछताछ की खबरे को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर के** अनुसार–एचईसी सप्लाईकर्मियों को 30 दिनों का वेतन और 25 दिन छुट्टी मिलेगी।

**दैनिक जागरण के शब्द हैं**–विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों तथा पालीटेक्निक में व्याख्याताओं की होगी नियुक्ति।

**********समाप्त**********